>

Title: Need to bring the prices of petrol and diesel in Alwar at par with the rates prevalent in Delhi and NCR.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान का अलवर जिला पूरा ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल किया जा चुका है। जिले के बहरोड़, नीमराणा, भिवाड़ी, खुश खेड़ा, चौपानकी आदि क्षेत्रों में तीव्रगति से औद्योगिकीकरण हो रहा है तथा आवासीय कालोनियां बन रही हैं। एन.सी.आर में शामिल होने के कारण अलवर जिले के निवासियों को कतिपय कारणों से डीजल व पेट्रोल मंहगी दरों पर खरीदना पड़ता है। शेष राजस्थान से अलवर जिले के पेट्रोल व डीजल पर एनसीआर में शामिल होने से अधिक टैक्स देना पड़ता है। माननीय पेट्रोलियम मंत्री जी से प्रार्थना है कि अलवर जिले में भी शेष एनसीआर दिल्ली व हरियाणा की समान दरों पर पेट्रोल व डीजल उपलब्ध करवाया जाये।